हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार 20 जून 2026

तापमान

अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 25 .8 डिग्री

13 री-नीट परीक्षा के लिए रेवाड़ी से तीन स्पेशल रेलसेवाओं का होगा संचालन



14 कल होने वाली नीट की परीक्षा पर पुलिस अलर्ट, आज से दो दिन बंद रहेंगे कोचिंग सेंटर



## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रोहड़ाई पुलिस ने नाबालिग का अपहरण करने और दुष्कर्म का शिकार बनाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 29 मई को आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। नाबालिग का सामान्य अस्पताल से मेडिकल परीक्षण कराया गया था। इस मामले में पुलिस ने यूपी के एक गांव निवासी नितिन को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### हादसे के बाद फरार डंपर चालक काबू

**कुंड।** पुलिस ने जैसलमेर नेशनल हाइवे पर हुए सड़क हादसे के बाद मौके से फरार हुए एक डंपर चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हादसे के बाद आरोपी डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई थी, जबकि उसका चालक घायल हो गया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के सारेकलां निवासी जाबिद को गिरफ्तार कर लिया। उसका डंपर भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना बावल पुलिस ने घायल के बयान पर 31 मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने गौतम नगर निवासी दीपेंद्र को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। थाना सदर पुलिस ने 15 जून को दर्ज किए गए मारपीट व तोड़फोड़ करने के मामले में लिसाना निवासी साहिल को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सट्टा खाईवाली का आरोपी चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मोहल्ला मुक्तिवाड़ा निवासी राजकुमार सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बोगस ग्राहक बनाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से सट्टे की लगभग 1270 रुपये की राशि व पर्चियां बरामद हुईं। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

### अवैध शराब बेचने का आरोपी दबोचा

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बास सिताबराय मोहल्ला निवासी प्रवीन अवैध शराब बेचने का धंधा करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर रेड की, तो आरोपी के कब्जे से अवैध शराब के 54 पव्वे बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

### फरार चल रहा पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बावल।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। एक मामले में कोर्ट ने राजस्थान के पथरेड़ी निवासी राशिद उर्फ काला को पीओ घोषित किया था। वह अदालत में चल रहे केस में लगातार तारीखों से अनुपस्थित चल रहा था। उसे पीओ घोषित करने के बाद पुलिस को उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए गए थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

---

वीरवार को स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय टीम ने किया नागरिक अस्पताल का निरीक्षण

# चंडीगढ़ से पहुंची टीम: नागरिक अस्पताल में अव्यवस्थाओं की भरमार, डॉक्टरों को फटकार

### 300 बेड का नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग का नक्शा तैयार हुआ तैयार, नशा मुक्ति केंद्र भी अस्पताल में होगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय टीम ने नागरिक अस्पताल में स्वास्थ सेवाओं को निरीक्षण किया। टीम में डीजी हेल्थ डा. मनीष बंसल, एनएचएम के एमडी डा. रिपुदमन सिंह ढिल्लों व राष्टीय स्वास्थ्य मिशन के डायरेक्टर डा. वीरेन्द्र यादव शामिल थे। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा की शिक्षा, तकनीकी, व्यावसायिक एवं चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं की समिति के चेयरमैन विधायक लक्ष्मण यादव, विधायक डा. कृष्ण कुमार, महम के विधायक बलराम डांगी, नलवा के विधायक रणधीर पनिहार और होडल के विधायक हरेंद्र सिंह ने भी स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीजी हेल्थ डा. मनीष बंसल व एनएचएम डायरेक्टर डा. वीरेन्द्र यादव ने कर्मचारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर चिंता जताई और पीएमओ को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कि अगर एक सप्ताह में सुधार नहीं हुआ तो कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने अस्पताल की नई व पुरानी बिल्डिंग का निरीक्षण किया। एनएचएम डॉयरेक्टर ने इंजेक्शन कक्ष में पार्टिशन न होने पर पीएमओ को भी फटकार लगाई। उन्होंने सीएमओ और पीएमओ को तत्काल शिशु वार्ड के एसएनसीयू को जल्द नई बिल्डिंग में शिफ्ट करने और सभी अव्यवस्थाओं को दूर करने के आदेश दिए। चंडीगढ़ से पहुंची टीम ने नागरिक अस्पताल के सभी विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया। कई विभागों में भारी खामियां पाए जाने पर अधिकारियों से सवाल किए, तो उनका संतोषजनक जवाब तक नहीं मिला। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए खामियों को तत्काल दूर करने और अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था के आदेश दिए। गत 22 मई को एनएचएम डायरेक्टर डा. वीरेन्द्र ने गायनी वार्ड सहित कई विभागों को नई बिल्डिंग में शिफ्ट करने के निर्देश दिए थे, जिसमें गायनी वार्ड तो शिफ्ट कर दिया गया है, लेकिन कई कार्यालय अभी भी पुरानी बिल्डिंग में चल रहे है, जिसको लेकर डायरेक्टर ने डॉक्टरों व स्टाफ को फटकार लगाई। इस मौके पर डीसी अभिषेक मीणा, एसडीएम सुरेश कुमार, सीएमओ डा. नरेंद्र दहिया, पीएमओ डा. सुरेंद्र यादव, डा. जोगेन्द्र तंवर, डा दीपक वर्मा व डा. भंवर सिंह सहित कई अधिकारी और डॉक्टर मौजूद थे।

#### खामियों को दूर करने के लिए एक सप्ताह का अल्टीमेटम



रेवाड़ी। डीजी हेल्थ को अस्पताल की समस्याएं बताते लोग। फोटो : हरिभूमि

#### जल्द ही एक छत के नीचे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी



पत्रकारों से बातचीत में डीजी हेल्थ डा. मनीष बंसल ने बताया कि 300 बेड अस्पताल की नई बिल्डिंग का नक्शा तैयार हो चुका है। जल्द ही एक छत के नीचे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। रेडक्रास सोसायटी की ओर से चलाए जा रहे नशा मुक्ति केंद्र को भी अस्पताल परिसर में शिफ्ट किया जाएगा। लोगों ने कहा कि अल्ट्रासाउंड के लिए छह-छह महीने बाद की दी जा रही है। डीजी ने कहा कि व्यवस्थाओं में सुधार किया जा रहा है। ट्रॉमा सेंटर से मरीजों को रेफर करने पर उन्होंने स्पष्ट किया कि ट्रॉमा सेंटर में लेवल-3 तक की सेवाएं उपलब्ध हैं, लेकिन न्यूरो सर्जन की कमी के कारण कुछ गंभीर मरीजों को जान बचाने के लिए रेफर किया जाता है।



रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते डीसी हेल्थ व अन्य अधिकारी।

#### अस्पताल में नहीं मिल रही पूरी दवाएं

*हेल्थ अधिकारियों की टीम ने नागरिक अस्पताल में डिलीवरी बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि ज्यादातर डिलीवरी प्राइवेट अस्पतालों में की जा रही है, जिससे सरकारी अस्पताल में संख्या कम होती जा रही। उन्होंने कहा कि लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर लोगों ने कहा कि डॉक्टरों की ओर से लिखी गई चार दवाओं में से केवल एक दवा ही अस्पताल में मिल रही है, बाकी दवाएं बाहर से महंगी दरों पर खरीदनी पड़ती हैं। हेल्थ डीसी ने कहा कि अस्पताल में 372 दवाईयां उपलब्ध है और 95 प्रतिशत मरीजों को अच्छा इलाज मिल रहा है। किसी प्रकार की कमी नहीं है।*



रेवाड़ी। अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक। फोटो : हरिभूमि

---

*कोसली, रोहड़ाई व रेवाड़ी से पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया*

# गुड़ियानी में जनरल स्टोर में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

- आग से 49 लाख से अधिक का नुकसान हुआ
- स्टोर मालिक ने आग लगने का संदेह शार्ट सर्किट जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

गुड़ियानी गांव स्थित जनरल स्टोर में लगी आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। कोसली, रोहड़ाई व रेवाड़ी से पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक अधिकांश सामान जल चुका था। ग्रोसरी स्टोर के मालिक गांव मूंदड़ा निवासी सतीश कुमार ने बताया कि वीरवार रात करीब आठ बजे वह अपने स्टोर को बंद कर के गांव चला गया था। करीब एक घंटे बाद युवक प्रवीन ने फोन पर सूचना दी कि उनके स्टोर में धुआं निकल रहा है। सूचना के बाद वे मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग पूरे सामान में फैल चुकी थी। उन्होंने कोसली पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया गया। स्टोर मालिक आग लगने का संदेह शार्ट सर्किट जताया है। उन्होंने बताया कि आग से 49 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। कोसली पुलिस थाने के एसएचओ मनोज कुमार ने बताया कि स्टोर मालिक को हुए नुकसान की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



रेवाड़ी। ग्रोसरी स्टोर में लगी आग से जला लाखों का सामान। फोटो :हरिभूमि

---

*पुलिस शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी*

# नकली सोने के मनके देकर लगाया 4.50 लाख रुपये का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोने के नकली मनके देकर साढ़े 4 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में कसोला पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस शिकायत में राजस्थान के माघा का माजरा निवासी मनोज ने बताया कि वह कोर्ट के पास खाने की रेहड़ी लगाता है। उसके पास कुछ दिनों से एक युवक खाना खाने के लिए आता था। उसने बताया कि एक मकान की खुदाई के दौरान उसे सोने के काफी मनके मिले हैं। उनकी कीमत 10 लाख रुपये से अधिक है। अगर वह खरीदना चाहे तो उसे कम दामों पर दे देगा। उसने शुरू में मनोज को सोने के 2 मनके दिखाए। मनोज ने सुनार से मनके चेक कराए, तो वह असली पाए गए। इसके बाद मनोज उससे मनके खरीदने के लिए तैयार हो गया। बनीपुर चौक के पास युवक ने उसे मनके देने के लिए बुला लिया। दोनों के बीच साढ़े 4 लाख रुपये में सौदा तय हो गया। मनके खरीदने के बाद मनोज ने उनकी जांच कराई, तो मनके नकली पाए गए। उसने युवक से संपर्क करने का प्रयास किया, तो उसका मोबाइल फोन बंद मिला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

#### लालच में आकर उधार उठाई रकम

मनोज ने बताया कि उसे लड़की की शादी करनी है। सस्ता सोना मिलने के चक्कर में उसने उधार पैसे उठाकर सोना खरीदने का मन बनाया था, ताकि सस्ता सोना शादी में काम आ सके। अब उसके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू किए हैं।

---



### विधानसभा समिति सदस्यों ने किया इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय का निरीक्षण

**मीरपुर।** हरियाणा विधानसभा शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विषयक समिति ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय का दौरा किया। समिति के चेयरमैन विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के नेतृत्व में विधायक हरिंदर सिंह, विधायक डा. कृष्ण कुमार, विधायक रणधीर पनिहार तथा विधायक बलराम डांगी ने विवि का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सीताराम यादव, डीसी अभिषेक मीणा व उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा से विशाल शर्मा सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कुलपति प्रो. असीम मिगलानी, कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह तथा अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रो. सुनील कुमार ने समिति के सदस्यों का स्वागत किया। इस मौके पर कुलपति प्रो. मिगलानी ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक गतिविधियों एवं भावी विकास योजनाओं पर आधारित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। निदेशक अनुसंधान प्रो. पंकज कुमार त्यागी ने विवि की शैक्षणिक प्रगति, शोध उपलब्धियों तथा आधारभूत संरचना विकास से संबंधित पावर-पॉइंट प्रस्तुति दी।

---

# अवैध कॉलोनी पर चला डीटीपी का बुलडोजर

## टीम ने 2 डीपीसी, कच्चे रोड नेटवर्क व सीमांकन पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने शुक्रवार को रेवाड़ी-भाड़ावास रोड की राजस्व सीमा में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की अवैध निर्माणों पर चल रही लगातार कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी प्रॉपर्टी डीलर व कोलोनाइजर अवैध कॉलोनी विकसित करने में लगे हुए है। डीटीपी के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी-भाड़ावास रोड स्थित गांव जाटूवास में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 3 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का जमींदोज किया। टीम ने यहां 2 डीपीसी, कच्चे रोड नेटवर्क व सीमांकन पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की।

#### तीन एकड़ में विकसित हो रही थी अवैध कॉलोनी



रेवाड़ी। अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ते हुए जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

#### प्लॉट खरीदने से पहले पूछताछ जरूर करें: सिहाग



डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि लोग प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। विभाग की ओर अवैध निर्माणों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।


---

मौसम में एक बार फिर बदलाव आने की संभावना, बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे किसान

# तापमान में मामूली गिरावट से राहत नहीं, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मौसम में बार-बार आ रहे बदलाव के बीच तापमान में मामूली गिरावट ने भी उमस भरी गर्मी से राहत नहीं दिलाई। आसमान में बादलों के बीच दिन भर उमस ने लोगों का पसीना छुड़ाए रखा। शाम को बादल गहराने के बाद बूंदाबांदी की संभावना नजर आने लगी। शुक्रवार को सुबह से ही आंशिक बादल छाए रहे। सूर्य और बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री की मामूली गिरावट के साथ 39.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी 0.6 डिग्री की कमी के साथ 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 38 प्रतिशत तक रहा, जबकि हवाओं की रफ्तार 11 किलोमीटर प्रति घंटा रही। बादल और सूरज की तपिश के समावेश ने वातावरण में उमस पैदा कर दी, जिससे शाम तक लोग पसीने से तर-बतर होते रहे। कूलरों की हवा तक ने काम करना बंद कर दिया। शाम के समय बादल गहराने के बाद हवाओं की गति भी तेज हो गई, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिल गई। विक्षोभ के बार-बार सक्रिय होने से मौसम पूरी तरह साफ नहीं हो रहा है। प्री-मानसून अच्छी बारिश भी नहीं हो रही है।



रेवाड़ी। शुक्रवार सुबह आसमान में छाए बरसात के बादल। फोटो : हरिभूमि

#### बाजरे की अगेती बिजाई आसानी से हो सकती है


इस समय बाजरे की अगेती बिजाई आसानी से हो सकती है। कई किसानों ने बीते सप्ताह बारिश होने के बाद ही बिजाई कर दी थी। बचे हुए किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को एक बार फिर मौसम में बदलाव आ सकता है। तेज हवाओं या आंधी के साथ बारिश हो सकती है। अगले सप्ताह भी मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिलेगा।

---

### जीवन का मधुर संगीत है भागवत गीता कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 21 जून को पंजाबी धर्मशाला में प्रेरणादायक कार्यक्रम जीवन का मधुर संगीत है भरगवत गीता का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि जियो गीता की महिला जिला संयोजक मीनाक्षी अरोड़ा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तथा जिला बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन श्रुति शर्मा विशिष्ट अतिथि रहेंगी।

संस्था की ओर से पार्षद सुचित्रा चांदना, पूर्व नगर परिषद प्रधान सरोज भारद्वाज, पार्षद पूजा देवी तथा हेल्थ एंड वैलनेस कोच डा. सपना यादव का अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम में शुगर, हृदय रोग, डिप्रेशन व घुटनों के दर्द के लिए थैरेपी कराई जाएगी।




# अब शादीशुदा और बच्चों का बाप है रैंचो : हिरानी

**मुंबई।** करीब 17 साल बाद '3 इडियट्स'के सीक्वल पर आधिकारिक काम शुरू हो चुका है। खुद राजकुमार हिरानी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर खुलकर बात की है। आमिर खान भी कहानी सुन चुके हैं और ओरिजिनल स्टार कास्ट के वापस आने की उम्मीद है। राजकुमार हिरानी ने एक बातचीत में बताया कि वह अपने लंबे समय के राइटिंग पार्टनर अभिजात जोशी के साथ मिलकर सीक्वल की कहानी और स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी इस प्रोजेक्ट पर काफी काम बाकी है। हिरानी के मुताबिक, इस बार कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी, जहां से पहली फिल्म खत्म हुई थी, लेकिन करीब 15-20 साल बाद। यानी अब तीनों दोस्त शादीशुदा हैं और उनके बच्चे भी हैं। वे अपनी जिंदगी के मिड-लाइफ क्राइसिस से गुजर रहे हैं। इस बार कहानी कॉलेज में नहीं होगी, क्योंकि अब वक्त और जिंदगी दोनों बदल चुके हैं।



लाइफ Style

# श्रद्धा

## ईथा में फिर छोड़ा अदाकारी का असर

सबसे पसंदीदा एक्ट्रेसेस में से एक श्रद्धा कपूर अपनी आने वाली फिल्म 'ईथा' में अपनी परफॉर्मेंस से फैंस को इंप्रेस करने के लिए तैयार हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही यह फिल्म महाराष्ट्र की मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जिंदगी पर आधारित है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

यह फिल्म 1940 से 1990 के दशक तक की कहानी दिखाएगी, जिसमें उनके मशहूर होने का सफर और उनके संघर्ष शामिल होंगे। फिल्म की पहली झलक दिख गई है। इस बायोपिक का पहला टीजर 19 जून को शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ सिनेमाघरों में दिखाया गया। जैसे ही फिल्म का पहला शो शुरू हुआ, दर्शकों को श्रद्धा की एक हैरान करने वाली और नई झलक देखने को मिली। टीजर में वह लावणी डांसर के रोल में शानदार लग रही थीं। 'ईथा' का टीजर मशहूर लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की जिंदगी के सबसे यादगार पलों में से एक को दिखाता है। श्रद्धा कपूर पहले ही सीन से इस किरदार में पूरी तरह ढल जाती हैं और इस मशहूर कलाकार की मजबूती और हिम्मत को बखूबी दिखाती हैं। टीजर में विठाबाई को बहुत ज्यादा प्रेग्नेंट होने के बावजूद पूरे जोश और लगन के साथ स्टेज पर परफॉर्म करते हुए दिखाया गया है। टीजर में, परफॉर्मेंस के दौरान उन्हें एहसास होता है कि वह बच्चे को जन्म देने वाली हैं। शो को बीच में न छोड़ने का पक्का इरादा करते हुए, वह शांत रहती हैं और बैकस्टेज जाती हैं, जहां वह बच्चे को जन्म देती हैं। हिम्मत की एक अनोखी मिसाल पेश करते हुए, विठाबाई पत्थर से गर्भनाल काटती हैं और अपनी परफॉर्मेंस पूरी करने के लिए वापस स्टेज पर आ जाती हैं।

हॉलीवुड मसाला



# भारत में रिलीज होगी डोरेमोन की यह फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** कॉर्टून की दुनिया का सबसे लोकप्रिय किरदार डोरेमोन अब जल्द भारतीय सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। फिल्म 'डोरेमोन द मूवीः न्यू नोबिता एंड द कैसल ऑफ द अंडरसी डेविल' इस साल देशभर में रिलीज होने जा रही है। गुरुवार को मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर जारी कर फैंस के साथ यह जानकारी साझा की। फिल्म का प्रमोशन 20 जून से शुरू होने वाले पॉप कल्चर फेस्टिवल में किया जाएगा। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए बताया कि इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।




# आज के बच्चों को आईना दिखाती है टॉय स्टोरी 5

**मुंबई।** कभी गुड्डे-गुड़ियों की शादी कराते, तो कभी घंटों खिलौनों के साथ एक नई दुनिया बुनते बच्चों के हाथों में जब से फोन और टैबलेट आए हैं, तब से खिलौनों से उनका नाता बहुत कम हो गया है। बाहर निकलकर खेलना, असली दोस्त बनाना कितना अहम है, यह बेहद खूबसूरती से दिखाती है 31 वर्षों से चल रही एनिमेटेड एडवेंचर कॉमेडी टॉय स्टोरी सीरीज की पांचवीं फिल्म टॉय स्टोरी 5। कहानी है बौनी (स्कार्लेट स्पीयर्स) की जो खिलौनों से तो खूब खेलती है, लेकिन दोस्त नहीं बना पाती है। उसके माता-पिता उसके लिए लिलीपैड (ग्रेटा ली) डिवाइस यानी टैबलेट ले आते हैं, जिस पर बौनी के डांस क्लास के दोस्त ऑनलाइन बनते हैं। बौनी अपने खिलौने से दूर हो जाती है।



# एक्टर हेनरी के साथ नजर आईं सारा

**मुंबई।** गुरुवार की शाम हॉलीवुड और बॉलीवुड का शानदार संगम देखने को मिला। जब 'सुपरमैन'फेम एक्टर हेनरी कैविल और बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान की मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। दोनों कलाकार एक लग्जरी वॉच ब्रांड के इवेंट में शामिल हुए। इवेंट में पटौदी खानदान की युवा राजकुमारी सारा अली खान अपने शाही अंदाज में नजर आईं। सारा ने इवेंट से कई तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। सारा ने इस खास इवेंट के लिए मोनोक्रोमैटिक आइवरी आउटफिट चुना। इसके साथ उन्होंने अपनी खूबसूरती और शालीनता का बेहतरीन मेल पेश किया। उनके लुक में एक तरफ जहां विंटेज चार्म था वहीं दूसरी तरफ आधुनिक भव्यता भी नजर आई। उन्होंने रिच टेक्सचर वाले ट्वीड-स्टाइल फैब्रिक से बनी स्ट्रक्चर्ड मिडी-लेंथ शीथ ड्रेस पहनी थी।



# 18 महीने तक नहीं देंगे कोई इंटरव्यू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों 'डॉन 3' को लेकर चल रहे विवाद के कारण सुर्खियों में हैं। खबरों के मुताबिक, रणवीर ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने तय किया है कि वह अगले 18 महीनों तक किसी भी तरह का इंटरव्यू नहीं देंगे और इस विवाद पर कोई बयान भी नहीं देंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणवीर ने यह बात एक ट्रेड जर्नलिस्ट से मुलाकात के दौरान खुद कही। उन्होंने साफ कर दिया कि वह 'डॉन 3' से जुड़े किसी भी सवाल पर बात नहीं करेंगे और अपनी अगली फिल्म 'प्रलय' की रिलीज तक मीडिया से दूरी बनाए रखेंगे। दरअसल, रणवीर सिंह और फिल्ममेकर फरहान अख्तर के बीच 'डॉन 3' को लेकर मतभेद हो गए थे। कहा जा रहा है कि रणवीर फिल्म की स्क्रिप्ट और बार-बार हो रही देरी से खुश नहीं थे। इसी वजह से उन्होंने फिल्म छोड़ने का फैसला लिया।

टीवी मसाला



# बाघा का रो-रोकर बुरा हाल मां को यादकर फफक पड़े

**नई दिल्ली।** पॉपुलर टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बाघा का किरदार निभाकर मशहूर हुए तन्मय वेकारिया हाल ही सेट पर भावुक हो गए। तन्मय मां को याद कर इस कदर बिलख पड़े कि असित मोदी को शूटिंग बीच में ही रोकनी पड़ी और वह एक्टर को संभालते दिखे। सोशल मीडिया पर 'तारक मेहता...' के सेट से वीडियो सामने आया है, जिसे देख फैंस भी भावुक हो गए हैं। वीडियो में नजर आ रहा है कि तन्मय वेकारिया सीन के बीच भावुक हो गए और फूट-फूटकर रो पड़े। यह देख शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने उन्हें ढांढस बंधाया और संभालते दिखे। तन्मय वेकारिया एक सीन शूट कर रहे थे, जो बाघा और बावरी की लव स्टोरी से जुड़ा था। लेकिन, जैसे ही कैमरा रोल होना शुरू हुआ, तन्मय भावुक हो गए। दरअसल, तन्मय वेकारिया की मां उन्हें बाघा के रोल में बेहद पसंद करती थीं, पर हाल ही उनका निधन हो गया। फिलहाल शो में बाघा और बावरी की लव स्टोरी का ट्रैक दिखाया जा रहा है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। लेकिन, तन्मय इस दुख को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे कि अब उनके लिए दर्शकों के इस प्यार और बाघा के रूप में उन्हें देखने के लिए मां दुनिया में नहीं है, और वह रोने लगे। तन्मय वेकारिया का हाल देख सेट का माहौल गम में बदल गया और हर किसी की आंखें नम हो गईं। शूटिंग भी रोक दी गई। असित मोदी के अलावा 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के प्रोड्यूसर्स और बाकी टीम तन्मय वेकारिया के पास जाकर उन्हें संभालने लगी। इसके बाद तन्मय ने अपनी मां से जुड़ी कई प्यारी यादें साझा कीं और बताया कि कैसे वह 'बाघा' वाले हर एपिसोड को देखने का बेसब्री से इंतजार करती थीं।


## माता-पिता का करें सम्मान : इमरान

मुंबई। छोटे पर्दे के मशहूर कलाकार के तौर पर अभिनेता इमरान खान को जाना जाता है। फादर्स डे के खास अवसर को मद्देनजर रखते हुए इमरान ने आज के समय में बच्चों को अनुसान सिखाने और माता-पिता सम्मान को लेकर चर्चा की है।



धारावाहिक जगधात्री में महेश देशमुख की भूमिका निभाने वाले अभिनेता इमरान खान कहते हैं- बतौर पिता मैं अपने बच्चों से सम्मान और अनुशासन की उम्मीद करता हूं। बच्चों को अपने माता-पिता को सम्मान देना ही चाहिए। यह मैं खासतौर पर आज की जेन जी पीढ़ी के लिए कहना चाहता हूं। हर माता-पिता अपने बच्चों को पालने के लिए बहुत मेहनत करते हैं। इसलिए, माता-पिता को उल्टे जवाब देना और सम्मान न करना मुझे नहीं पसंद है। माता-पिता को भी अपने बच्चों को बचपन से ही ये चीजें सिखानी चाहिए। मैंने देखा है कि कुछ माता-पिता अपने बच्चों को बहुत लाड-प्यार देते हैं, लेकिन उन्हें लोगों का सम्मान करना और तमीज सिखाना भूल जाते हैं।

# धमाल 4 का नया गाना कहर रिलीज, गुरु रंधावा ने लगाया तड़का




**मुंबई।** इस साल की एक और अवेटेड फिल्म 'धमाल 4' के ट्रेलर और हाल ही में रिलीज हुए जबरदस्त गाने 'चटनी' के बाद, 'धमाल 4' के मेकर्स ने अब एक और नया गाना 'कहर' रिलीज किया है। मजा कई गुना बढ़ाने वाला यह गाना सभी को एनर्जी और एंटरटेनमेंट से भरपूर एक जबरदस्त म्यूजिकल सफर पर ले जाता है। गाने में 'धमाल 4' की कास्ट के साथ गुरु रंधावा ने टीमअप किया है और गजब के पंजाबी वाइब्स दे रहे हैं। इस गाने को गुरु रंधावा ने गाया है और इसके बोल और संगीत गिल मचराई, रोनी अजनाली और गुरु रंधावा ने दिए हैं। संजॉय के प्रोड्यूस और अरेंज किए गए इस गाने में दर्शकों को एक मजेदार सफर पर ले जाया जाता है, जिसमें 'धमाल बॉयज' गुरु के रंग में रंगे हुए, अपने सबसे अनोखे अंदाज में और पीयूष व शाजिया के कोरियोग्राफ किए गए अपने जबरदस्त हुक स्टेप के साथ खूब धमाल मचाते हुए नजर आते हैं। इस गाने में एक्ट्रेस केतिका शर्मा भी एक स्पेशल अपीयरेंस में दिखाई देती हैं। हर उम्र के लोगों के लिए जबरदस्त मनोरंजन का वादा करते हुए, 'धमाल 4' में अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी और संजय मिश्रा जैसे दमदार कलाकार एक साथ नजर आएंगे।

# वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे अक्षय, लिया माता का आशीर्वाद

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल'को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच हाल ही में अक्षय फिल्म की रिलीज से पहले माता वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे। अक्षय ने त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित इस पवित्र मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में अभिनेता को देखते ही वहां मौजूद फैंस ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान अक्षय कुमार पारंपरिक सफेद कुर्ता पहने नजर आए। सोशल मीडिया पर भी अक्षय के कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें फैंस उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाने से पहले कुमार यात्रा के बेस कैंप कटरा पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाने से पहले अक्षय यात्रा के बेस कैंप कटरा पहुंचे। एक्टर के आने से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया। कई लोग फिल्म स्टार की एक झलक पाने की उम्मीद में रास्ते में और मंदिर परिसर में जमा हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कुमार ने पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन किए और लौटने से पहले कुछ समय पूजा-अर्चना में बिताया। अहमद खान द्वारा निर्देशित 'वेलकम टू द जंगल' में अक्षय कुमार समेत 34 कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इनमें अक्षय कुमार के साथ सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, रवीना टंडन, लारा दत्ता, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, आफताब शिवदासानी और जैकी श्रॉफ समेत कई अन्य नाम शामिल हैं। यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।



वेलकम टू द जंगल की रिलीज से पहले अक्षय ने लिया वैष्णो देवी का आशीर्वाद

## आकाश हैं, धूप में छांव हैं, जब टूट जाओ तो हिम्मत हैं पिता

# पिता-पुत्र के रिश्ते पर बनी हैं ये फिल्में, दर्शकों के दिलों को जीतने में रहीं कामयाब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'पिता सिर्फ एक रिश्ता नहीं है, वह एक भरोसा होना चाहिए, जो तुम्हें यकीन दिलाए कि अगर पूरी दुनिया भी तुम्हारे सामने खड़ी हो जाए न तो तुम लड़ लोगे!' यह डायलॉग है शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' का। फिल्म में यह संवाद नयनतारा बोलती हैं। और, सही मायने में यह फिल्म में कह देने भर की बात नहीं है, बल्कि जिंदगी की हकीकत है। पिता आकाश हैं। धूप में छांव हैं। जब टूट जाओ तो पिता हिम्मत हैं। निर्माता-निर्देशकों ने भी इस रिश्ते की खूबसूरती को पर्दे पर दिखाने की कोशिश की है।

### जवान

शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में भी बाप-बेटे की कहानी है। फिल्म में शाहरुख पिता और पुत्र की दोहरी भूमिका में हैं। फिल्म का ये डायलॉग खूब हिट हुआ है, 'बेटे को हाथ लगाने से पहले बाप से बात कर!' अभिनय के मामले में भी शाहरुख का पिता के रूप में विक्रम राठौर का किरदार कहीं ज्यादा पसंद किया गया।

### गदर 2

फिल्म 'गदर 2' बाप-बेटे के रिश्ते पर आधारित है, जहां पिता के रूप में सनी देओल अपने बेटे (उत्कर्ष शर्मा) के लिए पाकिस्तान तक पहुंच गए। जीते (उत्कर्ष शर्मा) जब पाकिस्तान में फंस जाता है, तो वह पाकिस्तानी फौजी अफसर से कहता है, 'दुआ कर कि मेरा बाप यहां ना आए। अगर मेरा बाप यहां आ गया, तो तेरे इतने टुकड़े करेगा, इतने टुकड़े करेगा...' वहीं तारा सिंह भी भले ही घर में जवान बेटे पर हाथ उठा देता हो, लेकिन बेटे के मुसीबत में फंस जाने पर सारे खतरे उठाकर पाकिस्तान चल पड़ता है। इससे पहले बाप से अक्सर नाराज रहने वाला बेटा भी अपने पिता को तलाशने की खातिर दुश्मन मुल्क पाकिस्तान में जाने का जोखिम उठाता है। फिल्म में एक और भावुक कर देने वाला संवाद है, जब जीते एक जगह कहता है, 'जिसके ऊपर पिता का साया है, उसे फिक्र करने की क्या जरूरत!'




### ओएमजी 2

*फिल्म 'ओएमजी 2' भी पिता-पुत्र की कहानी पर आधारित है, जिसमें एक पिता अपने मासूम बेटे के लिए कोर्ट तक जाता है। फिल्म में दिखाया गया कि जब नाबालिग बेटा अपना वीडियो वायरल होने के चलते परेशानी में था और सारी दुनिया उसके खिलाफ थी, तब उसके बाप ने ही उसका पूरी मजबूती से साथ दिया। यही नहीं, वह अपने बेटे की खातिर अपना सब कुछ दांव पर लगाकर सारी दुनिया से भिड़ने से भी नहीं हिचकिचाया।*

**टाइगर 3:** सलमान खान की फिल्म 'टाइगर 3' भी बाप-बेटे की कहानी कहती है। फिल्म में सलमान खान का एक संवाद है, 'मेरे बेटे को मैं नहीं, इंडिया बोलेगा कि उसका बाप क्या था? गद्दार या देशभक्त! जिंदा रहा तो आपकी खिदमत में फिर हाजिर नहीं तो जय हिंद'! यह फिल्म भी पिता-पुत्र के रिश्ते पर बनी है।

**एनिमल :** रणबीर कपूर की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' भी इस लिस्ट में शामिल है। इसमें रणबीर के पिता की भूमिका में अनिल कपूर नजर आए। अनिल कपूर को एक ऐसे सख्त पिता की भूमिका में दिखाया गया, जो अपने बेटे को किसी लायक नहीं समझता। हालांकि, बाद में फिल्म एक भावुक मोड़ लेती है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

**102 नॉट आउट:** अमिताभ बच्चन और ऋषि कपूर की ये फिल्म भी बाप-बेटे के रिश्ते पर बनी है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने 102 साल की उम्र के पिता को रोल निभाया था, जबकि दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर इसमें 75 साल के उनके बेटे की भूमिका में दिखाई दिए थे। फिल्म में बाप-बेटे की बेहतरीन केमिस्ट्री देखने को मिली। इस फिल्म का निर्देशन उमेश शुक्ला ने किया था।

**पा :** साल 2009 में अमिताभ, अभिषेक और विद्या बालन अभिनीत फिल्म 'पा' ने सिनेमा जगत के कई रिकाड्र्स तोड़े जब प्रोजेरिया से पीड़ति बेटे का किरदार निभाया अमिताभ बच्चन ने और उसके पिता का किरदार खुद उनके बेटे अभिषेक ने निभाया। एक बेहद मार्मिक कहानी जो 13 साल के एक बीमार बच्चे की है। इसमे साहस और आत्मविश्वास कूट-कूट कर भरा है। आर बाल्की ने इस फिल्म में पिता और पुत्र के एक अनोखे रिश्ते को दर्शाया है जो एक- दूसरे के बहुत अच्छे दोस्त है।



नारनौल। सेनेटरी पेड वितरित करती डॉ. राजवती यादव। फोटो : हरिभूमि

## महिलाओं को वितरित किए सेनेटरी पेड : डॉ. राजवती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर महिला कांग्रेस द्वारा संचालित 'प्रियदर्शिनी उड़ान योजना' के तहत शहर में जरूरतमंद महिलाओं, किशोरियों एवं बेटियों को सेनेटरी पैड वितरित किए गए। वहीं खुशी में लड्डू वितरित कर उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना भी की गई। यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता, सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित रहा। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. राजवती यादव ने कहा कि आज भी देश के अनेक ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाएं और किशोरियां मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़े आवश्यक संसाधनों से वंचित हैं। महंगे सेनेटरी उत्पादों के कारण उन्हें कई बार असुरक्षित विकल्पों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे संक्रमण एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में प्रियदर्शिनी उड़ान योजना महिलाओं के स्वास्थ्य और सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। डॉ. राजवती ने बताया कि प्रियदर्शिनी उड़ान योजना के अंतर्गत वितरित किए जाने वाले सेनेटरी पैड महिला कांग्रेस से जुड़ी महिलाओं द्वारा तैयार किए जाते हैं। इससे महिलाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनती हैं। यह योजना एक ओर महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करती है तो दूसरी ओर महिला सशक्तिकरण और रोजगार सृजन का भी सशक्त माध्यम बन रही है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में पूरे देश में एक लाख से अधिक सेनेटरी पैड वितरण का महत्वाकांक्षी अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### एनएच 148बी पर प्रशासनिक लापरवाही से दर्दनाक हादसा

# झंडे के लिए खोदे गहरे गड्ढे में गिरने पर 2 युवकों की मौत

- आइसक्रीम बेचकर लौट रहे थे दोनों युवक, एक की दो माह पहले ही हुई थी शादी
- राष्ट्रीय ध्वज के लिए खोदे गहरे गड्ढे के आस-पास नहीं लगे थे कोई संकेतक



**गड्ढे के चारों ओर पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध नहीं**

प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार चौक के बीचों-बीच राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए करीब 10 फुट गहरा और लगभग 15 फुट चौड़ा गड्ढा खोदा गया है। गड्ढे के चारों ओर पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध नहीं थे। केवल एक दिशा में संकेतक लगाए गए थे, जबकि अन्य ओर से आने वाले वाहन चालकों को गड्ढा दिखाई नहीं देता था। आशंका जताई जा रही है कि अंधेरे में बाइक सवार युवकों को गड्ढा दिखाई नहीं दिया और वे सीधे उसमें जा गिरे। गड्ढे में लगे लोहे के सरियों की चपेट में आने से भी गंभीर चोटें लगी हो सकती हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नांगल चौधरी कस्बे में के बाहरी क्षेत्र में बने राव तुलाराम चौक पर गुरुवार रात एक दर्दनाक हादसे में राजस्थान के दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक नेशनल हाईवे-148बी स्थित राव तुलाराम चौक पर खोदे गए गहरे गड्ढे में बाइक सहित गिर गए। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी राहुल और पिंटू सुवालका नांगल चौधरी क्षेत्र में शिव शक्ति नाम से आइसक्रीम का कारोबार करते हैं। उनके यहां राजस्थान के नीमच जिले के गांव पाटखेड़ा गगरोल निवासी 22 वर्षीय भैरूलाल तथा चित्तौड़गढ़ जिले के गांव खोर (जालपुरा) निवासी 20 वर्षीय गिरधारी काम करते थे। बताया गया है कि गुरुवार रात करीब 10 बजे दोनों युवक आइसक्रीम बेचकर अपने कमरे पर लौट आए थे। इसके बाद वे बाइक लेकर बिना किसी को बताए कहीं चले गए। रात करीब साढ़े 11 बजे सूचना मिली कि दोनों राव तुलाराम चौक पर बने गहरे गड्ढे में गिर गए हैं। हादसे में भैरूलाल की मौके पर ही मौत हो गई।

## सिहमा में महिला की करंट लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

खंड सिहमा में शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक हादसा सामने आया जहां करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 48 वर्षीय सुमित्रा देवी पत्नी सत्यनारायण सुबह तड़के साढ़े पांच बजे घर में बने छप्पर में भैंस का दूध निकालने के लिए गई थी। शुक्रवार रात्रि को आई तेज आंधी के कारण घर का बिजली का तार टूटकर नीचे गिर गया था। सुबह अंधेरे के चलते सुमित्रा देवी को टूटे हुए तार का पता नहीं चल पाया और वह अनजाने में करंट की चपेट में आ गई जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए नारनौल के सिविल अस्पताल भेजा गया जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## री-नीट परीक्षा के लिए रेवाड़ी से तीन स्पेशल रेलसेवाओं का होगा संचालन



रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरती एक्सप्रेस ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से री-नीट परीक्षा के परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए 7 परीक्षा स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09741 रेवाड़ी-बठिण्डा परीक्षा स्पेशल रेलसेवा 20 जून को रेवाड़ी से रात्रि 10:30 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 6:50 बजे बठिण्डा पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09742 बठिण्डा-रेवाड़ी परीक्षा स्पेशल रेलसेवा 21 जून को बठिण्डा से शाम 7:45 बजे रवाना होकर अगले दिन अलसुबह 3:20 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में कोसली, झाड़ली, चरखी दादरी, भिवानी, हांसी, हिसार, मंडी आदमपुर, भट्टू, सिरसा, कालांवाली व रामां स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 10 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 12 डिब्बे होंगे। गाड़ी संख्या 09643 मदार-रेवाड़ी एक तरफा परीक्षा स्पेशल रेलसेवा 20 जून को मदार से शाम 5 बजे रवाना होकर रात्रि 1 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में किशनगढ़, नरैना, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, गैटोर जगतपुरा, दौसा, बांदीकुई, राजगढ, मालाखेड़ा, अलवर व खैरथल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 10 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित 12 डिब्बे होंगे। वही गाड़ी संख्या 09743 रेवाड़ी-जयपुर परीक्षा स्पेशल रेलसेवा 21 जून को रेवाड़ी से सुबह 5 बजे रवाना होकर सुबह 9 बजे जयपुर पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09744 जयपुर-रेवाड़ी परीक्षा स्पेशल रेलसेवा 21 जून का को जयपुर से शाम 7:20 बजे रवाना होकर रात्रि 1 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में खैरथल, अलवर, मालाखेड़ा, राजगढ, बांदीकुई, दौसा, गैटोर जगतपुरा व गांधीनगर जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 10 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित 12 डिब्बे होंगे।

**खबर संक्षेप**

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने न्याय दिवस के रूप में मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**नांगल चौधरी।** डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ब्लॉक प्रधान बिक्रम मंढाणियां की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें विधायक मंजू चौधरी मुख्य रूप से मौजूद रही। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन को न्याय दिवस के रूप में मनाया। केक काटकर कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में राहुल-प्रियंका गांधी सेना के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार भोजावास विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का संघर्ष हमेशा गरीब,

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की गोशाला में सेवा

**मंडी अटेली।** कांग्रेस अटेली नांगल ब्लॉक अध्यक्ष सुमेर सिंह प्रधान एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के नेता एवं सांसद राहुल गांधी का 56वां जन्मदिवस श्रीबाल कृष्ण गोपाल गौशाला बिहाली में सादगी एवं सेवा भाव के साथ मनाया। इस मौके पर गायों को गेहूं, गुड़ व तेल की सवामणी के रूप में आहार कराया गया। इस मौके पर सुमेर सिंह प्रधान ने कहा कि राहुल गांधी देश में विपक्ष के नेता के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस मौके पर जिला महासचिव प्रो. राजबीर, जिला सचिव बलवंत सिंह, ओपी बाबू रातां, ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष तरुण यादव, युवा डॉ. कृष्ण शर्मा आदि मौजूद रहे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर रणसी माजरी में चला जागरूकता अभियान

- लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल




रेवाड़ी। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की मौजूद महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर शुक्रवार को बावल खंड के गांव रणसी माजरी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मतदाता सूची के पुनरीक्षण और पंजीकरण प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया गया। एडीसी राहुल मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में एचएसआरएलएम की ब्लॉक इंचार्ज सविता एवं गांव की सरपंच किरण देवी ने महिलाओं और ग्रामीणों को एसआईआर के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना आवश्यक है।

साथ ही मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर उसका समय पर सुधार कराना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। वक्ताओं ने नए मतदाताओं के पंजीकरण, आवश्यक दस्तावेजों तथा निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता का संदेश पहुंचाने और अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने में सहयोग करने का आह्वान किया। इस मौके पर महिलाओं ने अपने परिवार और समुदाय के लोगों को मतदान के अधिकार एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने तथा प्रत्येक व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

## नप वाइस चेयरमैन चुनाव को लेकर बैठक स्थगित, सिर्फ एक पार्षद पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। नगर परिषद बैठक में पार्षदों का इंतजार करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

- शहर के 32 वार्डो से 17 पार्षदों का होना जरूरी था

शुक्रवार को नगर परिषद नगर परिषद वाइस चेयरमैन के चुनाव को लेकर बुलाई गई बैठक कोरम पूरा नहीं होने के कारण स्थगित हो गई। अधिकारी काफी देर तक पार्षदों का इंतजार करते रहे। बैठक में 32 पार्षदों में से सिर्फ वार्ड नंबर-20 की पार्षद सुमन सैनी ही पहुंची। इसके अलावा वार्ड नंबर-15 की पार्षद रचना राव बैठक खत्म होने के बाद पहुंची। यहां तक कि नगर परिषद चेयरपर्सन विनीता पीपल भी बैठक में उपस्थित नहीं रही। बैठक में डीएमसी ब्रह्मप्रकाश अहलावत, ईओ अरुण नांदल व एक्सईएन अंकित वशिष्ठ सहित अन्य अधिकारी पार्षदों का इंतजार करते रहे। कोरम पूरा नहीं होने के कारण शुक्रवार को नगर परिषद वाइस चेयरमैन का चुनाव नहीं हो सका। डीएमसी ब्रह्मप्रकाश ने कहा कि हरियाणा निर्वाचन आयोग की अनुपालना में एक महीने होने पर वाइस चेयरमैन के चुनाव के लिए बैठक बुलाई गई थी, लेकिन पार्षदों के नहीं आने पर कोरम पूरा नहीं हो सका। इसके आधे से ज्यादा का कोरम होता है। शहर के 32 वार्डो से 17 पार्षदों का होना जरूरी था, लेकिन बैठक में एक पार्षद की ही उपस्थिति रही।

अब जल्द ही वाइस चेयरमैन चुनाव के लिए आगामी तारीख जारी की जाएगी।



रेवाड़ी। नागरिकों को एसआईआर की जानकारी देते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

## एसआईआर अभियान में बीएलओ का सहयोग करें नागरिकः एसडीएम

**बावल।** बावल विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम संजीव कुमार ने कहा कि विशेष पुनरीक्षण अभियान का मकसद आम नागरिक को परेशान करना नहीं है, बल्कि वास्तविक तथा शुद्ध मतदाता सूची तैयार करना है। सभी नागरिक बीएलओ की ओर से दिया गया एनुमरेशन फार्म सही विवरण भर कर जल्दी उसे वापस लौटाएं। एसडीएम शुक्रवार को गांव टांकड़ी में एसआईआर अभियान का निरीक्षण कर रहे थे। बीएलओ घर-घर जाकर लोगों को एनुमरेशन फार्म बांट रहे हैं। इस फार्म पर मतदाता को अपना नवीन पासपोर्ट साइज फोटो लगाना है। वर्ष 2002 की लिस्ट के अनुसार अपने वोटर आईडी क्रमांक को लिखें। अगर वोट वर्ष 2002 के बाद बना है तो अपने माता-पिता का वोटर क्रमांक लिखें। इस अवसर पर उनके साथ सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं तहसीलदार महिमा, नायब तहसीलदार श्यामसुंदर भी मौजूद थे।

**शिक्षा की राह में उम्र बाधा नहीं**

## 65 वर्ष की उम्र में दो दोस्तों ने हासिल की एलएलबी की डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

कहते हैं कि शिक्षा प्राप्त करने की कोई उम्र नहीं होती। इस कहावत को महेंद्रगढ़ जिले के गांव गुवानी के दो मित्रों ने सच साबित कर दिखाया है। 65 वर्ष की आयु में गांव गुवानी निवासी विजेंद्र प्रधान और देशराज यादव ने जेजेटी विश्वविद्यालय से एलएलबी की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर नई मिसाल कायम की है। उनकी इस उपलब्धि की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। दोनों मित्रों ने दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भारतीय सेना में भर्ती होकर देश सेवा का दायित्व निभाया। सेना में रहते हुए उन्होंने अपनी शिक्षा जारी रखी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद 10+2, बीए, एमए तथा बीएड जैसी उच्च शैक्षणिक योग्यताएं हासिल कीं। सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद दोनों को हरियाणा में व्याख्याता (लेक्चरर) के रूप में कार्य करने का अवसर मिला।

शिक्षण सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद भी दोनों ने पढ़ाई का सिलसिला नहीं छोड़ा। निरंतर मेहनत, लगन और सीखने की इच्छा के बल पर उन्होंने एलएलबी की पढ़ाई पूरी की और प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की। उनकी उपलब्धि यह संदेश देती है कि यदि व्यक्ति में दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत करने का जज्बा हो तो उम्र कभी भी सफलता की राह में बाधा नहीं बनती। ग्रामीणों और शिक्षाविदों ने दोनों की इस सफलता को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया है। उनका मानना है कि विजेंद्र प्रधान और देशराज यादव ने साबित कर दिया है कि सीखने की कोई सीमा नहीं होती और निरंतर प्रयास से जीवन के किसी भी पड़ाव पर नई उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।



नारनौल। डिग्री धारक का गाउन पहने दोनों दोस्त। फोटो : हरिभूमि

## विधायक ने किया लोगों की समस्याओं का समाधान

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव ने शुक्रवार को अनाज मंडी स्थित कार्यालय में लोगों की समस्याओं का निवारण करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने जन शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय की हुई है। किसी भी विभाग का अधिकारी वाजिब शिकायत का निराकरण नहीं करता है तो उसके खिलाफ तुरंत एक्शन लिया जाएगा। विधायक ने कहा कि इन दिनों भारत निर्वाचन आयोग की ओर से एसआईआर का अभियान चलाया जा रहा है। सभी नागरिकों को मतदाता सूची के शुद्धिकरण अभियान में अपना सहयोग देना चाहिए। कोसली क्षेत्र में भी बूथ लेवल पर पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी लगाई गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विश्व स्तर पर साख और मजबूत होती जा रही है। इस मौके पर अधिकारी व अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। लोगों की समस्याएं सुनते विधायक अनिल कुमार यादव। फोटो : हरिभूमि

**विरोध** हरियाणा सरकार के फैसले के खिलाफ एकजुट हुए विभिन्न सामाजिक संगठन

# आंबेडकर डिजिटल लाइब्रेरी का नाम बदलने पर फूटा रोष

- नाम परिवर्तन का निर्णय तुरंत निरस्त कर मूल नाम बहाल करने की पुरजोर मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सरकार की ओर से जींद व हिसार सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर डिजिटल/ई-लाइब्रेरी का नाम बदलकर अटल पुस्तकालय किए जाने के फैसले के खिलाफ दलित व पिछड़े समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस फैसले से आहत होकर शुक्रवार को सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के तत्वावधान में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त की और उपायुक्त के माध्यम से एसडीएम अनिरुद्ध यादव को राष्ट्रपति, प्रधानमन्त्री, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग व मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।



नारनौल। ज्ञापन की प्रति सौंपते विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

यह आक्रोश बैठक समिति के प्रधान चंदन सिंह जालवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सरकार के इस कदम को बाबा साहेब के सम्मान और दलित अस्मिता पर चोट बताया गया।

महापुरुषों के इस असहनीय अपमान के मामले में संघर्ष समिति की ओर से ज्ञापन सौंपने के दौरान अखिल भारतीय आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष लालाराम नाहर व समिति के महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के वाइस चेयरमैन बिरदी चंद गोठवाल ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर केवल एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे देश के मार्गदर्शक और संविधान निर्माता हैं। उनके नाम पर बनी डिजिटल/ई-लाइब्रेरी का नाम बदलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

परिवर्तनकारी साहित्य मंच के प्रधान एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. शिवताज सिंह, मानव समाज सेवा फाउंडेशन के प्रधान जयपाल सिंह ने चेताया कि यदि सरकार ने इस जनविरोधी और तुच्छ राजनीति से प्रेरित निर्णय को तुरंत वापस नहीं लिया, तो समाज सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा।

**ये रहे मौजूद**

इस आक्रोश बैठक में अचिवर्स फाउंडेशन के अमरसिंह निम्होरिया, महर्षि वाल्मीकि सभा के राजेश चांवरिया, कोली समाज के प्रधान तोताराम, भारतीय सामाजिक परिवर्तन संघ के सुमेर सिंह गोठवाल, हरियाणा प्रदेश चमार महासभा के जिलाध्यक्ष अनिल फाण्डन, गुरु रविदास महासभा के सदस्य प्यारेलाल चवन, प्रमुख समाजसेवी मदनलाल डाडैया व धानक समाज के महेंद्र खन्ना आदि विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने पुरजोर समर्थन देकर रोष प्रकट करते हुए अपनी एकजुटता दिखाई। इस मौके पर प्रमुख सलाहकार प्रभु दयाल, प्रधान किशनलाल, बनवारीलाल, अमरनाथ सिरोहा, पूर्व इंस्पेक्टर कालुराम मेहरा, हरि सिरोहा आदि उपस्थित रहे।

## सतनाली में 21 जून को मनाया जाएगा राष्ट्रीय योग दिवस, किया अभ्यास



**सतनाली मंडी।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय सतनाली में 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत विशेष योग पूर्व अभ्यास का आयोजन किया गया। इस अभ्यास सत्र में ब्लॉक के कर्मचारियों और स्थानीय योग साधकों ने योग की विभिन्न विधाओं का अभ्यास किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं योग विशेषज्ञों ने उपस्थित जनसमूह को योग के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. रमेश, डॉ. अर्चना व डॉ. निशा ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति, तनाव मुक्ति और स्वस्थ जीवन जीने की एक कला है। प्रशासन और आयोजन समिति ने अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य समारोह के अवसर पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय परिसर सतनाली में 21 जून को प्रातः 6 बजे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

**सूचना**

मैं, महाबीर सिंह पुत्र श्री सोदान निवासी ग्राम खण्डोडा, तहसील बावल, जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र कर्म सिंह व पुत्रवधु काली बाई मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा देश के भविष्य से जुड़ी है इसे निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता

**प्रशासन नीट परीक्षा को लेकर अलर्ट मोड पर**

# कल होने वाली नीट की परीक्षा पर पुलिस सख्त, दो दिन बंद रहेंगे कोचिंग सेंटर

डीएसपी ने ली कोचिंग सेंटर संचालकों की मीटिंग, मानकों की पूरी पालना करने के दिए गए निर्देश

**परीक्षा की पवित्रता और पारदर्शिता से समझौता नहीं**

**निर्देशों का उल्लंघन करने वाले पर होगी सख्त कार्रवाई**



रेवाड़ी। पुलिस अधिकारियों तथा कोचिंग सेंटरों व कंप्यूटर लैब संचालकों क बैठक लेते डीएसपी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

नीट की 21 जून को होने वाली परीक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ चुका है। डीएसपी रविंद्र सिंह ने शुक्रवार को जिले के कोचिंग सेंटर व कंप्यूटर लैब संचालकों की मीटिंग में निर्देश दिए कि वह 20 जून से दो दिन तक अपने संस्थान नहीं खोलें। ऐसा नहीं करने वाले संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अफवाह या अनुचित साधनों के इस्तेमाल को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही, कंप्यूटर लैब संचालकों को भी अपने संस्थानों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने और सुरक्षा संबंधी सभी मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नीट की परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए कोचिंग व कंप्यूटर संचालकों को पुलिस का सहयोग करना चाहिए। ऐसा नहीं करने वाले संचालकों के खिलाफ सूचना मिलते ही एक्शन लिया जाएगा। परीक्षा की पवित्रता और पारदर्शिता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति, संस्था या संचालक पुलिस के निर्देशों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा देश के भविष्य से जुड़ी है और इसे निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

जिले में नीट परीक्षा के लिए कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू रहेगी और इसकी सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर नाकेबंदी कर पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### गतिविधियों पर नियंत्रण

परीक्षा केंद्रों में केवल ड्यूटी पर तैनात अधिकृत कर्मचारियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस समेत सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर प्रतिबंध रहेगा।

### विशेष निगरानी

परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो स्टेट, फैक्स, जेरॉक्स और संचार संबंधी दुकानें बंद रहेंगी। होटल, गेस्ट हाउस, धर्मशालाओं, कोचिंग सेंटरों और कंप्यूटर लैब्स पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

### ये रहे मौजूद

बैठक में शहर थाना प्रभारी निरीक्षक सुबे सिंह, मॉडल टाउन थाना प्रभारी निरीक्षक रतनलाल, सदर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह, जाटूसाना थाना प्रभारी निरीक्षक शिवदर्शन, कोसली थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार तथा रामपुरा पुलिस चौकी प्रभारी पीएसआई संजय कुमार मौजूद रहे।

⏭ अनुचित साधनों का इस्तेमाल बर्दाश्त नहीं

⏭ निष्पक्ष परीक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

### नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों को रोडवेज बसों में मिलेगी निःशुल्क यात्रा सुविधा



रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि 21 जून को आयोजित होने वाली नीट पुनः परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को हरियाणा रोडवेज की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों के अनुपालन में राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा की ओर से आवश्यक आदेश जारी किए गए हैं। इसके तहत अभ्यर्थियों को 20 जून को परीक्षा केंद्रों तक जाने तथा 21 जून को परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्रों तक आने-जाने के लिए हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस सुविधा का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थियों को अपना वैध नीट प्रवेश पत्र दिखाना होगा।

### जिले में 12 परीक्षा केंद्रों पर 3937 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

जिले में आयोजित होने वाली नीट-यूजी परीक्षा के लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए है, जिन पर 3937 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्र में प्रवेश सुबह 11 बजे से शुरू होगा और दोपहर 1:30 बजे गेट बंद कर दिए जाएंगे। परीक्षा का समय 2 बजे से 5:15 तक रहेगा। परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, पेन ड्राइव जैसे सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही ज्योमेट्री बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, राइटिंग पैड, स्केल और इरेजर सहित वॉलेट, हैंडबैग, बेल्ट, टोपी या किसी भी प्रकार के धातु के आभूषण पहनकर केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। डीसी ने परीक्षार्थियों से एक दिन पहले केंद्र की लोकेशन देखने और परीक्षा के दिन समय पर पहुंचने का आह्वान किया। डीसी ने कहा कि निर्धारित समय के बाद आने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी अपने साथ केवल एडमिट कार्ड और वैध पहचान पत्र ही साथ लाएं।

## न्यूज डायरी



### पोर्टल पर प्राप्त लंबित शिकायतों का एक सप्ताह में समाधान करें अधिकारी: सीटीएम

रेवाड़ी। सीटीएम जितेन्द्र कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से आमजन की शिकायतों के समाधान के लिए प्रदेशभर में संचालित ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त लंबित शिकायतों का एक सप्ताह में समाधान करें। सीटीएम ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में जनसंवाद, सीएम विंडो व समाधान शिविर की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए। सीटीएम ने सभी विभागाध्यक्षों को 2024 व 2025 की लंबित शिकायतों को एक सप्ताह में निपटान करने के निर्देश दिए। सीटीएम ने कहा कि सरकार की ओर से आमजन की शिकायतों के निवारण के लिए ऑनलाइन पोर्टल चलाए जा रहे है। सीटीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता और तत्परता दिखाएं ताकि आमजन की शिकायतों का निवारण करते हुए उन्हें राहत पहुंचाई जा सकें। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की मुख्यमंत्री स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे है।



### मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रक्रिया: जैमिनी

रेवाड़ी। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर शुक्रवार को बुढ़ाना शक्ति केंद मीरपुर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मतदाता सूची शुद्धिकरण एवं पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा करते हुए अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर चर्चा की गई। इस मौके पर शक्ति केंद्र प्रभारी कृपा जैमिनी ने कहा कि एक भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क कर मतदाता सूची की जांच कराने, नए मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा सूची में मौजूद त्रुटियों को दूर कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसके तहत मृत, स्थानांतरित एवं अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने तथा पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने का कार्य पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए। साथ ही नागरिकों को अपने नाम, पते एवं अन्य विवरणों की जांच कर आवश्यक संशोधन कराने के लिए भी प्रेरित किया जाए। इस अवसर पर मीरपुर मंडल अध्यक्ष नवीन, शक्ति केंद्र प्रमुख अमित खोल व सीमा राय सहित बूथ अध्यक्ष व बीएलओ मौजूद थे।



### पुलिस टीम के नशा मुक्ति की दिशा में प्रयास जारी, ग्रामीणों को किया जागरूक

रेवाड़ी। जिला पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने शुक्रवार को गांव बाम्बड व जलियावास में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों, साइबर अपराधों से बचाव व यातायात के नियमों को लेकर जागरूक किया। इस अवसर पर निरीक्षक रामपाल ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। युवाओं को नशे जैसी बुरी आदत से दूर रहकर पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणो से अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी व पासवर्ड आदि हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में सभी को सतर्क रहकर किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। किसी भी साइबर ठगी होने पर साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। उन्होंने ग्रामीणों से यातायात के नियमों का पालन करने का भी आह्वान किया। नशा मुक्ति टीम ने अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत डायल 112 पर इसकी सूचना दें। इसके अलावा नशा गतिविधियों की सूचना मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर करें। उन्होंने ग्रामीणों ने नशा और साइबर अपराधों से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।

### यादव कल्याण सभा का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कल

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभा के प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में अनुभवीं डॉक्टरों की टीम मेडिसन, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग व स्त्री रोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इनके अलावा फिजियोथेरेपी की सुविधाएं भी दी जाएगी।

### सुधराना में बाबा भैया का जागरण 27 और भंडारा 28 जून को

कोसली। सुधराना गांव के बाबा भैया धाम परिसर में बाबा भैया का 14वां जागरण 27 जून को आयोजित किया जाएगा। जागरण में भजन गायक रामधन गोस्वामी, राजफुल कुचरानिया व अमित माही अपने भजनों से बाबा भैया की महिमा का गुणगान करेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि 28 जून को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## आईजीयू में सोशल वर्क पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए 20 तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मीरपुर



रेवाड़ी। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय परिसर। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए मास्टर ऑफ सोशल वर्क यानि एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 20 जून तक आवेदन कर सकते हैं। सामाजिक कार्य एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह एक उत्कृष्ट अवसर है। समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष डा. देवेंद्र सिंह ने बताया कि एमएसडब्ल्यू दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक समस्याओं की समझ विकसित करने के साथ-साथ उन्हें समाधान-उन्मुख, संवेदनशील एवं पेशेवर सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में तैयार करना है। पाठ्यक्रम में सामाजिक विकास, सामुदायिक संगठन, परामर्श, सामाजिक अनुसंधान तथा फील्ड वर्क पर विशेष बल दिया जाता है, जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव एवं पेशेवर दक्षता प्राप्त होती है। विभाग में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर एक्सटेंशन लेक्चर, कार्यशालाएं, सेमिनार, प्रशिक्षण कार्यक्रम, जागरूकता अभियान, ग्रामीण एवं शहरी समुदाय भ्रमण, फील्ड वर्क, केस स्टडी, सर्वेक्षण, समूह कार्य तथा सामाजिक हस्तक्षेप संबंधी व्यावहारिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को एक पेशेवर सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने का वास्तविक अनुभव प्राप्त होता है तथा उनमें नेतृत्व, संवाद, समस्या-समाधान और सामुदायिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित होते हैं। डा. देवेंद ने बताया कि विभाग नियमित रूप से विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों, स्वास्थ्य संस्थानों, विद्यालयों, पंचायतों और सामुदायिक संगठनों के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित करता है, जिससे विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक चुनौतियों को समझने और उनके समाधान में योगदान देने का अवसर मिलता है। डा. देवेंद ने बताया कि विभाग नियमित रूप से विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों, स्वास्थ्य संस्थानों, विद्यालयों, पंचायतों और सामुदायिक संगठनों के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित करता है।

### राजीव गांधी खेल परिसर में विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास



कोसली। कोसली के राजीव गांधी खेल परिसर में शुक्रवार को एसडीएम विजय कुमार यादव के सान्निध्य में नागरिकों व विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योगाभ्यास किया। एसडीएम ने बताया कि कोसली में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून रविवार को सुबह 6 बजे राजीव गांधी खेल स्टेडियम में किया जाएगा। इस अवसर पर कोसली के विधायक अनिल यादव मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि उपमंडल प्रशासन की ओर से योग दिवस के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि योग दिवस के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया जाएगा। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कास्वां, प्राचार्य दयानंद भारद्वाज, रविंद्र प्रधान महेंद्र सिंह डीपी, उप अधीक्षक राजेश कुमार व लिपिक दल सिंह आर्य मौजूद थे।

## श्रद्धालुओं ने मनाया स्कंद षष्ठी का पर्व, सुख-समृद्धि और संतान दीर्घायु की मांगी मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

जिले में स्कंद षष्ठी का पर्व श्रद्धा और पारंपरिक विधि-विधान के साथ मनाया गया। भगवान शिव और माता पार्वती के ज्येष्ठ पुत्र व देवों के सेनापति भगवान कार्तिकेय को समर्पित इस विशेष दिन पर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पर्व को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त में पवित्र स्नान कर लाल और पीले वस्त्र धारण किए और भगवान कार्तिकेय के सम्मुख व्रत का संकल्प लिया। मंदिरों और घरों में भगवान कार्तिकेय की प्रतिमा या उनके प्रतीक वेल की स्थापना कर पंचामृत, गंगाजल, चंदन, अक्षत और पुष्प अर्पित किए गए। ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री का कहना है कि स्कंद षष्ठी का व्रत विशेष रूप से संतान की प्राप्ति, उसकी लंबी आयु, तरक्की और उत्तम स्वास्थ्य के लिए किया जाता है। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने दिनभर सात्विक नियमों का पालन किया। शाम के समय भगवान कार्तिकेय को विशेष नैवेद्य और मधुर फल अर्पित किए गए, जिसके बाद स्कंद षष्ठी महात्म्य की कथा और कंद षष्ठी कवचम का पाठ किया गया। उनका कहना है कि स्कंद षष्ठी का दिन जीत और शक्ति का प्रतीक है। इसी दिन भगवान कार्तिकेय ने तारकासुर और सूरपद्मन जैसे भयंकर राक्षसों का वध कर देवताओं को भयमुक्त किया था।



### योग एवं पर्यावरण संरक्षण दोनों ही स्वस्थ और समृद्ध जीवन के आधार: सैनी

रेवाड़ी। भारत विकास परिषद शाखा और श्री राम मानव विकास एवं शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में श्री राम पैलेस झज्जर रोड में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत विकास परिषद के अध्यक्ष दिनेश सैनी, सचिव रामकिशोर व प्रांतीय पर्यावरण संयोजक मुकेश सैनी ने किया। योगाचार्य एवं शाखा पर्यावरण संयोजक दयाराम आर्य सहित अन्य योग प्रशिक्षकों ने लोगों को योग, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। इस अवसर पर प्रांतीय पर्यावरण संयोजक मुकेश सैनी ने कहा कि योग एवं पर्यावरण संरक्षण दोनों ही स्वस्थ और समृद्ध जीवन के आधार हैं। उन्होंने लोगों से प्रकृति के संरक्षण तथा नियमित योगाभ्यास को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। योगाचार्य आर्य ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने वाली एक संपूर्ण जीवन पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है तथा व्यक्ति सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहता है। मुकेश कुमार जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट ने कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे जिले में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। योग स्वस्थ, सुखी एवं तनावमुक्त जीवन का आधार है। कार्यक्रम में सरोज आर्या जिला महिला प्रभारी, पतंजलि योग समिति, कैप्टन राजेंद्र सिंह तहसील प्रभारी पतंजलि योग समिति, सेवा संयोजक हुक्म चंद प्रजापत, अजय गुप्ता, नितिन गोयल, अजय जैन, राकेश कुमार व प्रभा सैनी सहित अनेक महिलाओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया।

■ **नियमित योगाभ्यास से अनेक बीमारियों से बचाव संभव**

**योग** — शरीर में ऑक्सीजन स्तर को सुधारकर प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करता है

**नियमित अभ्यास से मानसिक तनाव चिंता, अवसाद तथा चिड़चिड़ापन कम होता है**

## अनुलोम-विलोम प्राणायाम शरीर, मन और चेतना को संतुलित करने की वैज्ञानिक प्रक्रिया: मुकेश

**नियमित अभ्यास से शरीर में प्राण ऊर्जा का प्रवाह सुचारू होता है** ⏭

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी मुकेश कुमार ने कहा कि अनुलोम-विलोम प्राणायाम भारतीय योग परंपरा की एक अत्यंत प्रभावशाली श्वास साधना है। यह केवल एक प्राणायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और चेतना को संतुलित करने की वैज्ञानिक प्रक्रिया है। नियमित अभ्यास से शरीर में प्राण ऊर्जा का प्रवाह सुचारू होता है, मानसिक तनाव कम होता है तथा व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से अधिक स्वस्थ और ऊर्जावान बनता है। अनुलोम-विलोम को नाड़ी शोधन प्राणायाम भी कहा जाता है, क्योंकि यह शरीर की ऊर्जा नाड़ियों को शुद्ध एवं संतुलित करने का कार्य करता है।

अनुलोम-विलोम में बारी-बारी से दाएं और बाएं नासाछिद्र से श्वास लेने और छोड़ने की प्रक्रिया अपनाई जाती है। योग शास्त्र के अनुसार बाईं नाड़ी शीतलता और मानसिक शांति का प्रतीक है, जबकि दाईं नाड़ी ऊर्जा और सक्रियता का प्रतिनिधित्व करती है।

इस प्राणायाम के माध्यम से दोनों नाड़ियों में संतुलन स्थापित होता है, जिससे शरीर और मन में सामंजस्य उत्पन्न होता है।

### प्राणायाम अभ्यास की विधि

पद्मासन, सिद्धासन या सुखासन में रीढ़ सीधी रखकर बैठें। बाएं हाथ को ज्ञान मुद्रा में रखें। दाएं हाथ के अंगूठे से दायां नासाछिद्र बंद करें। बाएं नासाछिद्र से धीरे-धीरे श्वास लें। अब अनामिका से बायां नासाछिद्र बंद कर दाएं से श्वास छोड़ें। दाएं नासाछिद्र से श्वास लेकर बाएं से छोड़ें। यही एक चक्र कहलाता है। प्रारंभ में 5 से 10 मिनट तथा अभ्यास बढ़ने पर 15 से 20 मिनट तक किया जा सकता है।

### हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी



यह प्राणायाम श्वसन तंत्र को मजबूत बनाता है। अनुलोम-विलोम फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ाता है। ऑक्सीजन की मात्रा में सुधार करता है तथा श्वसन तंत्र को सशक्त बनाता है। अस्थमा और अन्य श्वसन संबंधी समस्याओं में भी यह सहायक माना जाता है। तनाव और चिंता को कम करता है। नियमित अभ्यास से मानसिक तनाव, चिंता, अवसाद तथा चिड़चिड़ापन कम होता है। यह मन को शांत एवं स्थिर बनाकर सकारात्मक सोच विकसित करता है। एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाता है। हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी। अनुलोम-विलोम रक्त संचार को बेहतर बनाता है तथा रक्तचाप को संतुलित रखने में सहायक हो सकता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। यह शरीर में ऑक्सीजन स्तर को सुधारकर प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करता है, जिससे व्यक्ति विभिन्न रोगों से लड़ने में अधिक सक्षम बनता है। पाचन तंत्र को सुदृढ़ करता है। नियमित अभ्यास से पाचन क्रिया बेहतर होती है तथा गैस, कब्ज और अम्लता जैसी समस्याओं में राहत मिल सकती है।

**ये सावधानियां अपनाएं**

प्राणायाम हमेशा खाली पेट या भोजन के 4-5 घंटे बाद करें। श्वास को जबरदस्ती न रोकें। उच्च रक्तचाप, हृदय रोग या गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति प्रशिक्षित योग शिक्षक के मार्गदर्शन में अभ्यास करें। अभ्यास के दौरान श्वास सहज और नियंत्रित रखें।

### योग दिवस कार्यक्रम की पायलट रिहर्सल आज

रेवाड़ी। जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर 20 जून को सुबह 6 बजे राव तुलाराम स्टेडियम में पायलट रिहर्सल आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों से योगाभ्यास कराया जाएगा। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय राव तुलाराम स्टेडियम में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योग कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संगठन, सामाजिक संस्थाएं एवं बड़ी संख्या में आमजन भाग लेंगे। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इनके अलावा विधायक लक्ष्मण सिंह यादव व जिला भाजपा अध्यक्ष डा. वंदना पोपली भी उपस्थित होंगें।

